आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–06 अगस्त 2024 **सान्ध्य समाचार**

मात्र पांच हजार रुपये के स्टाम्प शुल्क के साथ अपनी अचल संपत्ति को रक्त संबंधियों के नाम करने की सहूलियत के बाद प्रदेश में अब पारिवारिक विभाजन और व्यवस्थापन में भी बड़ी सुविधा मिलने जा रही है। आज लखनऊ में हुयी एक बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक परिवार के सदस्यों के बीच अचल संपत्ति के बंटवारे तथा जीवित व्यक्ति द्वारा अपनी संपत्ति को अपने परिवारी जनों के नाम किए जाने पर देय स्टाम्प शुल्क भी पांच हजार रुपये तय किया जाए। न्यूनतम स्टाम्प शुल्क होने से परिवार के बीच संपत्ति विवाद का निपटारा आसानी से हो सकेगा।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में उच्च शिक्षा क्षेत्र के निजी निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए नई नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस सम्बन्ध में आज लखनऊ में हुई एक बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत सात वर्षों में सतत प्रयासों से प्रदेश में एक मंडल–एक विश्वविद्यालय की परिकल्पना पूरी हो चुकी है। मंडलों के बाद अब हमारा लक्ष्य एक जिला–एक विश्वविद्यालय का होना चाहिए। वर्तमान में पैंतीस जनपदों में विश्वविद्यालय की उपलब्धता है, शेष जिलों में विश्वविद्यालयों के लिए निजी क्षेत्र बड़ा सहयोगी बन सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षा में निजी निवेश वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अयोध्या दौरे पर हैं। अयोध्या आगमन पर उन्होंने हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन–पूजन किये और मंदिर निर्माण कार्य का अवलोकन कर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों से इसकी जानकारी ली। समाचार मिलने तक मुख्यमंत्री आयुक्त सभागार में बैठक कर विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री कल ब्रह्मलीन परमहंस रामचन्द्र दास की मूर्ति अनावरण के कार्यक्रम के बाद अम्बेडकरनगर के लिये रवाना होंगे।

****

अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों के लिए एयरपोर्ट से इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा शुरू की गई है। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर सिटी बस सेवा का शुभारंभ आज अयोध्या के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, कमिश्नर गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डायरेक्टर एयरपोर्ट विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एयरपोर्ट से लता चौक तक तीन इलेक्ट्रिक सिटी बसें चलेंगी।

****

वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी दो इमारतों के आज सुबह ढह जाने से उसके मलबे में दबकर एक महिला की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना के बारे में वाराणसी के कमिश्नर कौशल राज शर्मा से बात की और प्रभावित लोगों की मदद करने को कहा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, एनडीआरएफ, डॉक्टर और डॉग स्क्वायड की टीमें मौके पर पहुंचीं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वाराणसी के कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने बताया कि काशी विश्वनाथ मंदिर के पास पुराने और जर्जर मकानों के मालिकों को अपनी सुरक्षा के लिए अगले दो या तीन महीनों के लिए अन्य स्थानों पर स्थानांतरित होने के लिए कहा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हादसे का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

****

सेना भर्ती कार्यालय वाराणसी की तरफ से करायी जा रही अग्निवीर सेना भर्ती के तीसरे दिन आज वाराणसी, मऊ और सोनभद्र जनपद के लिए जनरल ड्यूटी की दौड़ संपन्न हुई। दौड़ में बारह सौ एक अभ्यर्थियों ने भाग लिया जिसमें चार सौ सत्तानबे पास हुए। कल जनरल ड्यूटी के लिए जनपद गाजीपुर के अभ्यर्थियों की दौड़ होगी।

****

नागपंचमी के पर्व पर गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में आठ और नौ अगस्त को दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सीनियर प्राइजमनी पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश केसरी, उत्तर प्रदेश कुमार और वीर अभिमन्यु खिताब के लिए विश्व स्तरीय पहलवानों के साथ ही करीब तीन सौ पहलवान प्रतिभाग करेंगे। फाइनल मुकाबले में उत्साहवर्धन तथा विजेताओं को पुरस्कृत करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नौ अगस्त को मौजूद रहेंगे।

****

फाइलेरिया उन्मूलन से संबंधित सामूहिक दवा सेवन अभियान के तहत आज गोरखपुर में सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च की तरफ से मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि फाइलेरिया लाइलाज बीमारी है और इससे बचने के लिए साल में एक बार और पांच साल तक लगातार बचाव की दवा का सेवन करना अनिवार्य है। इस साल दस अगस्त से दो सितम्बर तक जिले के पैंतालीस लाख से अधिक लोगों को स्वास्थ्य विभाग की टीम घर घर जाकर दवा खिलाएंगी। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक डॉक्टर एनपी गुप्ता, जिला मलेरिया अधिकारी अंगद सिंह ने भी फाइलेरिया से बचाव के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

****